Drishti IAS Presents...

PT SPRINT 2023

पर्यावरण तथा जैवविविधता

(मार्च 2022 – मार्च 2023)

MCQs

Multiple Choice Questions

Drishti IAS, 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

Drishti IAS, 21 Pusa Road, Karol Bagh New Delhi - 05

Drishti IAS, Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Drishti IAS, Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

e-mail: englishsupport@groupdrishti.com, **Website:** www.drishtiias.com

Contact: 011430665089, 7669806814, 8010440440

प्रश्न

1. एशियाई शेर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. वर्तमान में ये गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य में ही पाए जाते हैं।
    2. उन्हें वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत अनुसूची I में वर्गीकृत किया गया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

2. बायोट्रांसफॉर्मेशन तकनीक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. बायोट्रांसफॉर्मेशन प्रदूषकों को कम हानिकारक यौगिकों में बदलने और तोड़ने के लिये जैविकों का उपयोग करने की प्रक्रिया है।
    2. बायोट्रांसफॉर्मेशन तकनीक के माध्यम से उत्पादित प्लास्टिक पारंपरिक प्लास्टिक की तरह लगता है।
    3. बायोट्रांसफॉर्मेशन तकनीक का पर्यावरण पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2
    C. केवल 3
    D. 1, 2 और 3

3. भारत में शिपिंग क्षेत्र से संबंधित पहलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. ग्रीन टग ट्रांज़िशन प्रोग्राम का लक्ष्य वर्ष 2025 तक सभी प्रमुख बंदरगाहों में पहला ग्रीन टग संचालित करना है।
    2. गति शक्ति का लक्ष्य वर्ष 2030 तक कार्गो के प्रति टन कार्बन उत्सर्जन को 30% तक कम करना है।
    3. ग्रीन वॉयज 2050 प्रोजेक्ट में नॉर्वे सरकार और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) भागीदार हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1 और 3
    D. 1, 2 और 3

4. प्रोजेक्ट एलीफेंट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
    2. यह राज्यों द्वारा वन्यजीव प्रबंधन के प्रयासों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।
    3. यह स्थानीय लोगों के बीच संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का समर्थन करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2
    C. केवल 3
    D. 1, 2 और 3

5. सारस क्रेन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची IV में सूचीबद्ध है।
    2. यह विश्व का सबसे बड़ा उड़ने वाला पक्षी है।
    3. इसकी IUCN स्थिति संकटापन्न है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

    A. केवल 1 और 3
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1 और 2
    D. 1, 2 और 3

6. राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य यमुना नदी के तट पर स्थित है, जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों में फैला हुआ है।
    2. घड़ियाल जो मुख्य रूप से राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में पाया जाता है, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची III में सूचीबद्ध है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. उपरोक्त में से कोई नहीं

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. प्रवाल अपने जीवंत रंग खो देते हैं और सफेद हो जाते हैं जब उनके सहजीवी ब्रायोफाइट्स मर जाते हैं।
    2. ज़ूज़ैंथिली काई हैं जो सामान्यत: सहजीवी संबंधों में प्रवाल से जुड़े होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

8. हॉर्सशू क्रैब के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह पृथ्वी पर सबसे पुराने जीवित प्राणियों में से एक है।
2. भारत में हॉर्सशू क्रैब की दो प्रजातियाँ हैं, तटीय हॉर्सशू क्रैब और मैंग्रोव हॉर्सशू क्रैब।
3. वे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची 4 के तहत संरक्षित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

9. सुपोषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वह प्रक्रिया है जहाँ जल निकाय जैसे कि झील, नदी या समुद्र, नाइट्रोजन और फास्फोरस जैसे पोषक तत्त्वों से अत्यधिक समृद्ध हो जाते हैं।
2. जल निकाय में शैवाल प्रस्फुटन और हाइपोक्सिया, सुपोषण के दो सबसे प्रमुख परिणाम हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. महासागरीय अम्लीकरण तब होता है जब विघटित कार्बन डाइऑक्साइड के परिणामस्वरूप समुद्री जल का pH कम हो जाता है।
2. महासागरीय अम्लीकरण से कई समुद्री जीवों के लिये अपने कवच और कंकाल का निर्माण तथा रखरखाव करना मुश्किल हो जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

11. 'गिद्ध संरक्षण कार्ययोजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. MoEFCC ने भारत के औषधि महानियंत्रक (DCGI) के साथ गिद्ध संरक्षण कार्ययोजना जारी की।
2. यह गिद्धों के प्रमुख भोजन मवेशियों के शवों को पशु चिकित्सा NSAIDs के साथ विषाक्तता से बचाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

12. कलक्कड़-मुंडनथुराई टाइगर रिज़र्व (KMTR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केरल में पहला टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया था।
2. यह अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व का भी हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

13. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature- IUCN) में इसकी स्थिति गंभीर रूप से लुप्तप्राय है।
2. भारत में इसकी आबादी ज़्यादातर गुजरात और राजस्थान तक ही सीमित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

14. मगर या मार्श मगरमच्छ (दलदल में पाए जाने वाले मगरमच्छ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल भारत और पाकिस्तान में ही पाया जाता है।
2. इसे पृथ्वी की सबसे बड़ी जीवित मगरमच्छ प्रजाति माना जाता है।
3. यह IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

15. सी-हॉर्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्हें जीनस हिप्पोकैम्पस में मछली के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

2. भारत में वे मुख्य रूप से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पाए जाते हैं।

3. उनका एक अलग प्रजनन व्यवहार होता है जिसमें नर बच्चे को जन्म देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. केवल 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित में से कौन-सा/से देश में नवाचार और उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने से संबंधित है/हैं?

1. कोलैब CAD (CollabCAD)

2. iCREST

3. प्रज्ञाता (PRAGYATA)

4. सुगम्य भारत अभियान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. केवल 2 और 4

17. वन प्रमाणन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वन की निगरानी, लकड़ी और लुगदी उत्पादों तथा गैर-इमारती वन उत्पादों को पहचानने एवं चिह्नित करने का एक तंत्र है।

2. भारत में केवल उत्तर प्रदेश में वन प्रमाणित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 तथा 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

18. सागौन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 'इंडियन ओक' और 'टीक' के नाम से भी जाना जाता है।

2. इसका उत्पादन वैश्विक वार्षिक लकड़ी की मांग का 10% शामिल है।

3. इस लकड़ी की प्रजाति को IUCN की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

19. विश्व वन्यजीव दिवस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हर साल 3 मार्च को मनाया जाता है।

2. इस वर्ष की थीम 'वन्यजीव संरक्षण के लिये साझेदारी' है।

3. यह वन्यजीवों और वनस्पतियों की विलुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन (CITES) के दिन के साथ मेल खाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

20. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान के आकलन हेतु अंतर्राष्ट्रीय निकाय है।

2. इसकी स्थापना वर्ष 1988 में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

21. हमिंगबर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह अमेरिकी महाद्वीप का स्थानीय है।

2. भारत के सनबर्ड्स की तुलना इन पक्षियों से की जा सकती है।

3. एज़्टेक ने उन्हें हुइत्ज़िलिन या 'सूर्य की किरण' के रूप में संदर्भित किया।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

22. ओलिव रिडले के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे दुनिया में पाए जाने वाले सभी समुद्री कछुओं में सबसे छोटे और सबसे प्रचुर मात्रा में हैं।
2. वे बड़े पैमाने पर घोंसले बनाने के लिये जाने जाते हैं जिसे 'अरिबादा' कहा जाता है।
3. वे प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागरों के गर्म पानी में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

23. BBNJ संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे क्षेत्रों के समुद्री जैविक विविधता के संरक्षण और सतत् उपयोग पर एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है।
2. इसे UNCLOS के ढाँचे के तहत विकसित किया जा रहा है।
3. इसे संयुक्त राष्ट्र जैवविविधता अभिसमय के तहत लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. डॉल्फिन द्वारा इकोलोकेशन का उपयोग उच्च आवृत्ति अनुप्रस्थ तरंगों का उत्सर्जन करके वस्तुओं का पता लगाने हेतु किया जाता है।
2. अंत:जल शोर उत्सर्जन (Underwater Noise Emission-UNE) डॉल्फिन में स्थायी श्रवण हानि का कारण बन सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. पैंगोलिन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?

A. वे मृदा को वायु एवं नमी युक्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
B. पैंगोलिन की सभी प्रजातियाँ वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (CITES) के परिशिष्ट I में सूचीबद्ध हैं।
C. पैंगोलिन विश्व स्तर पर सबसे अधिक तस्करी किये जाने वाले जंगली स्तनधारियों में से हैं, जिनका ज़्यादातर यूरोप में व्यापार होता है।
D. वे प्राथमिक और द्वितीयक उष्णकटिबंधीय वनों सहित आवासों की एक विस्तृत शृंखला के अनुकूल हैं।

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओमॉर्गस खांडेश (Omorgus Khandesh) भृंग को केराटिन भृंग के रूप में जाना जाता है और इसे नेक्रोफैगस के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
2. वैसे आर्थ्रोपोड जो मृत अवशेषों का भोजन करते हैं, नेक्रोफैगस कहलाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. 'केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फुमदी केवल केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पाई जाती है।
2. राष्ट्रीय उद्यान पैलेआर्कटिक प्रवासी जलपक्षी का एक महत्त्वपूर्ण शीतकालीन मैदान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व आर्द्रभूमि दिवस (WWD) प्रत्येक वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है।
2. वर्ष 2023 के विश्व आर्द्रभूमि दिवस की थीम 'वेटलैंड रिस्टोरेशन' है।
3. एशिया में भारत के पास रामसर साइटों का सबसे बड़ा नेटवर्क है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

29. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. "क्लाइमेट फोर्सिंग पाथवे" के रूप में प्रचलित कानूनों, नवाचारों और प्रथाओं की श्रृंखला ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये है।

2. कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क (Artificial Neural Network-ANN) भविष्यवाणी जलवायु मॉडलिंग काआधार है जो मानव मस्तिष्क की संरचना और संचालन से प्रेरित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

30. हिम तेंदुए के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्हें कभी-कभी "घोस्ट ऑफ स्नो" कहा जाता है।

2. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण अंतर्राष्ट्रीय संघ (IUCN) की रेड लिस्ट में संकटपूर्ण श्रेणी में सूचीबद्ध है।

3. भारत में वे लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2

B. केवल 3

C. केवल 1 और 2

D. केवल 2 और 3

31. 'मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व (MTR)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सेन्ना स्पेक्टाबिलिस मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व की मूल प्रजाति है।

2. मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व (MTR) तीन राज्यों कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के ट्राई-जंक्शन में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही

32. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भौगोलिक संकेत एक विशेष भौगोलिक उत्पत्ति और विशेषताओं या उस मूल से प्राप्त प्रतिष्ठा वाले सामानों/उत्पादों पर लागू किया गया एक लेबल है।

2. भौगोलिक संकेत को वाणिज्य विभाग के तहत भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री द्वारा प्रशासित किया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. नोबेल हेलेन तितली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे केवल म्याँमार, थाईलैंड और वियतनाम में पाई जाती हैं।

2. यह भारत में पहली बार केरल में पाई गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

34. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. संकटग्रस्त प्रजातियों की IUCN रेड लिस्ट के अनुसार, चीता (Acinonyx Jubatus) को गंभीर रूप से संकटग्रस्त माना जाता है।

2. विश्व की सबसे तेज़ बिल्ली चीता (Acinonyx Jubatus) को CITES परिशिष्ट I में शामिल किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

35. निम्नलिखित में से किसे महासागर के वर्षावन कहा जाता है?

A. ज़ूप्लंकटन

B. प्रवाल

C. पादप प्लवक

D. शैवाल

36. इंडियन स्टार कछुआ के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे केवल भारत और श्रीलंका में पाए जाते हैं।

2. कछुए की IUCN स्थिति संवेदनशील है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. नागार्जुनसागर श्रीशैलम टाइगर रिज़र्व (NSTR) पचमलाई पहाड़ियों पर स्थित है।
2. कृष्णा नदी नागार्जुनसागर श्रीशैलम टाइगर रिज़र्व से होकर गुज़रती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

38. 'निकर्षण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. निकर्षण जल निकायों के तल में अवसाद के संचय की प्रक्रिया है।
2. निकर्षण प्रक्रिया पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) अधिसूचना, 1994 के प्रावधानों के अधीन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

39. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत विकास परियोजनाओं के लिये पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) अनिवार्य है।
2. विकासात्मक परियोजनाओं के स्थल पर EIA आयोजित करने से पहले जन सुनवाई एक अनिवार्य प्रक्रिया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

40. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

1. समयबद्ध कमी के लक्ष्य के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन हेतु एक राष्ट्रीय ढाँचा तैयार करना।
2. केवल पीएम 2.5 सांद्रता में 20-30% की कमी हासिल करना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

41. 'एशियाई जलपक्षी गणना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक नागरिक-विज्ञान कार्यक्रम है जो विश्व भर में आर्द्रभूमि और जलपक्षी के संरक्षण एवं प्रबंधन का समर्थन करता है।
2. भारत में, AWC का समन्वय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

42. हाल ही में खबरों में रही 'सोल ऑफ स्टील' चैलेंज निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान में अभियानों से संबंधित है ?

A. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

B. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

C. नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान

D. नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान

43. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. शेंदुर्नी वन्यजीव अभयारण्य भारत के पूर्वी घाट में स्थित एक संरक्षित क्षेत्र है।
2. अभयारण्य भी प्रस्तावित अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44. भारतीय स्कीमर्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. इन्हें इंडियन सिज़र्स बिल के नाम से भी जाना जाता है।
2. ये गर्मियों में अधिक विस्तारित होते हैं।
3. ये मुख्य रूप से पूर्वी और पश्चिमी भारत में पाए जाते हैं।
4. IUCN रेड लिस्ट में ये सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 4

D. केवल 1 और 3

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन का उद्देश्य ओज़ोन-रिक्तीकरण पैदा करने वाले पदार्थों के उत्पादन को रोकना है।

2. भारत ने गोथेनबर्ग प्रोटोकॉल (1999) पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसका उद्देश्य ज़मीनी स्तर ओज़ोन को कम करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46. 'वायनाड वन्यजीव अभयारण्य' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उत्तर-पूर्व की ओर मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व के अन्य संरक्षित क्षेत्रों के साथ अपनी सीमाओं को साझा करता है।

2. काबिनी नदी जो कावेरी नदी की एक सहायक नदी है, अभयारण्य से होकर बहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित में से कौन-सा/से 'मेक इन इंडिया' पहल का/के उद्देश्य है/हैं?

1. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करना।

2. सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाना।

3. निर्यात आधारित विकास को बढ़ावा देना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

48. पेरिस जलवायु समझौते के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. यह एक कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है जिसके लिये देशों को अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने हेतु विशिष्ट कार्रवाई करने की आवश्यकता होती है।

B. इसका उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित करना है।

C. इसके लिये विकासशील देशों को कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्थाओं में संक्रमण में मदद करने हेतु विकसित देशों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने की आवश्यकता

D. यह देशों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये अपने स्वयं के लक्ष्य निर्धारित करने की अनुमति देता है।

49. IUCN रेड लिस्ट के अनुसार, एशियाई हाथियों को किस रूप में वर्गीकृत किया गया है?

A. संकटग्रस्त

B. गंभीर खतरे

C. जंगल में विलुप्त

D. सुभेद्य

50. हाल ही में खबरों में रही फाइटोरिड तकनीक निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. अपशिष्ट जल का उपचार

B. मशीन लर्निंग

C. डीऑक्सी राइबो न्यूक्लिक एसिड फिंगरप्रिंट

D. पराली दहन

51. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. विश्व बैंक ने दुनिया का पहला वन्यजीव संरक्षण बॉण्ड (WCB) लॉन्च किया।

2. वन्यजीव संरक्षण बॉण्ड को "राइनो बॉण्ड" के रूप में भी जाना जाता है, जो पाँच वर्ष हेतु सतत् विकास बॉण्ड है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. कभी-कभी समाचारों में देखे जाने वाले शब्द “वायरोवोर” को निम्नलिखित में से कौन सही ढंग से परिभाषित करता है?

A. एक जीव जो वायरस का भक्षण करता है।

B. UN FPO द्वारा प्रतिबंधित एक कार्सिनोजेनिक कीटनाशक।

C. रूसी और यूक्रेनी सैनिकों को प्रभावित करने वाला एक न्यूरोजेनिक विकार।

D. इनमे से कोई भी नहीं

53. क्रय प्रबंधक सूचकांक (Purchasing Managers' Index- PMI)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. PMI एक समग्र आर्थिक संकेतक है जिसका उपयोग केवल विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन को मापने के लिये किया जाता है।
2. PMI का 50 से ऊपर स्कोर दर्शाता है कि विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार हो रहा है और अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

54. जलकुंभी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक तेज़ी से बढ़ने वाला जलीय पौधा है जो जल्दी से जल के निकायों पर फैल सकता है।
2. यह ऑस्ट्रेलिया की स्थानीय जलीय वनस्पति है और इसने दुनिया के कई अन्य हिस्सों में खुद को अनुकूलित कर लिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

55. खारे जल के मगरमच्छों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. खारे जल के मगरमच्छों की IUCN स्थिति संवेदनशील है।
2. ये भारत, वियतनाम और दक्षिणी चीन में पाए जाते हैं।
3. यह भारतीय उपमहाद्वीप के तीन मूल मगरमच्छों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3 केवल
D. 1, 2 और 3

56. दीपोर बील आर्द्रभूमि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह असम की सबसे बड़ी खारे जल की झीलों में से एक है।
2. इसे रामसर साइट के रूप में नामित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. कृष्णमृग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे राजस्थान का राज्य पशु घोषित किया गया है।
2. कृष्णमृग की IUCN स्थिति 'कम चिंतनीय' है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. माइक्रोप्लास्टिक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्हें पाँच मिलीमीटर से कम व्यास वाले प्लास्टिक के रूप में परिभाषित किया गया है।
2. द्वितीयक माइक्रोप्लास्टिक व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. हीट डोम के कारणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हीट वेब तब उत्पन्न होती हैं जब वातावरण में उच्च दबाव उत्पन्न होता है और ऊष्ण वायु को धरातल की तरफ अवरोहित करता है।
2. जलवायु परिवर्तन ने हीट डोम की घटना में वृद्धि की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गैंडों की सभी पाँच प्रजातियाँ एशिया में पाई जाती हैं।
2. ब्लैक राइनो की IUCN स्थिति गंभीर रूप से संकटग्रस्त है।
3. एक सींग वाले गैंडे को भारतीय गैंडे के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

61. एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस अवधारणा का जन्म UNFCCC के पक्षकारों के 21वें सम्मेलन के दौरान हुआ था।
   2. ICZM से संबंधित नीति एजेंडा 21 (पृथ्वी शिखर सम्मेलन) के अंतर्गत निर्धारित की गई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. कुनमिंग घोषणा जैविक विविधता के संरक्षण के लिये तत्काल और एकीकृत कार्रवाई से जुड़ी है।
   2. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय के तहत कुनमिंग घोषणा को अपनाया गया था।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

63. हाल ही में खबरों में रहा ताल छापर अभयारण्य निम्नलिखित में से किस राज्य में है?
   A. मध्य प्रदेश
   B. उत्तर प्रदेश
   C. हरियाणा
   D. राजस्थान

64. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह जल प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत एक वैधानिक संगठन है।
   2. इसे वायु प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत शक्तियाँ और कार्य सौंपे गए हैं।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

65. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये

1.	नागोया प्रोटोकॉल	-	आनुवंशिक संसाधन
2.	कार्टाजेना प्रोटोकॉल	-	जैव सुरक्षा
3.	पेरिस समझौता	-	जलवायु परिवर्तन

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

66. "ब्लैक कार्बन" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. ब्लैक कार्बन एक दीर्घकालिक प्रदूषक है जो ग्लोबल वार्मिंग में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।
   2. ब्लैक कार्बन एक प्रकार का एयरोसोल है।
   3. ब्लैक कार्बन के परिणामस्वरूप बर्फ के अल्बिडो प्रभाव में कमी आती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1,2 और 3

67. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक संवैधानिक निकाय है।
   2. यह केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिये स्थापित किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

68. इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (ICAP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका उद्देश्य 2037-38 तक शीतलन ऊर्जा आवश्यकताओं को 25% से 40% तक कम करना है।
   2. यह मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के अनुरूप है, जिसमें उन तत्वों को न्यूनीकृत करने पर ज़ोर दिया गया है, जो ओज़ोन परत को कम करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

69. जगुआर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जगुआर लैटिन अमेरिका में सबसे बड़ा मांसाहारी और एकमात्र बड़ी बिल्ली है।

2. इसका IUCN दर्ज़ा विलुप्त होने के करीब है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

70. 'इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान (ICAP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ICAP का उद्देश्य मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के अनुरूप ओज़ोन-क्षयकारी पदार्थों को कम करना था।

2. यह योजना ग्लोबल कूलिंग को प्रेरित करके ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिये सल्फर आधारित ईंधन को प्रोत्साहित कर रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

71. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हॉर्नबिल उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय अफ्रीका और एशिया में पाए जाते हैं।

2. हॉर्नबिल मणिपुर के मैतेई समुदाय का सांस्कृतिक प्रतीक हैं।

3. हॉर्नबिल का शिकार उनके शरीर के अंगों के औषधीय महत्त्व के कारण किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

72. असम राज्य में काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान ब्रह्मपुत्र घाटी बाढ़ के मैदान में सबसे बड़ा अबाधित और प्रतिनिधि क्षेत्र है, इसे घोषित किया गया है:

1. टाइगर रिज़र्व

2. यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल

3. महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (बर्डलाइफ इंटरनेशनल के अनुसार)

4. रामसर स्थल

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1, 2 और 4

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

73. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये :

	राष्ट्रीय उद्यान	राज्य/केंद्रशासित प्रदेश
1.	हेमिस राष्ट्रीय उद्यान	लद्दाख
2.	दक्षिण बटन द्वीप राष्ट्रीय उद्यान	गोवा
3.	मोल्लेम राष्ट्रीय उद्यान	असम
4.	वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान	बिहार

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 4

D. केवल 1 और 4

74. चीता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. IUCN के रेड लिस्ट में अफ्रीकी चीता को अति संकटग्रस्त जबकि एशियाई चीता को सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

2. विश्व भर में चीतों की सर्वाधिक आबादी नामीबिया में पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

75. मेईज़ोट्रोपिस पेलिट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे आमतौर पर पटवा के नाम से जाना जाता है।

2. इसको IUCN की लाल सूची में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

76. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. लॉयन-टेल्ड मकॉक को IUCN रेड लिस्ट के तहत गंभीर रूप से लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. लॉयन-टेल्ड मकॉक पश्चिमी घाट के सदाबहार जंगलों के स्थानिक हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

77. द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में सूचीबद्ध है।
2. GIB गुजरात में कच्छ के घास के मैदानों में पाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

November 2023

78. 'कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (CCUS) तकनीक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CCUS में सॉर्बेंट्स का विकास शामिल है जो फ्लू गैस या वातावरण में मौजूद CO2 को प्रभावी ढंग ट्रैप कर सकता है।
2. यह कैप्चर किये गए CO2 को विभिन्न मूल्य वर्द्धित उत्पादों में परिवर्तित करने के लिये व्यापक अवसर प्रदान कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

79. हार्ड कोरल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे समुद्री जल से कैल्शियम कार्बोनेट का उपयोग करते हैं।
2. उन्हें हर्मेटीपिक कोरल के रूप में भी जाना जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

80. हिमालय याक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. वे तिब्बती पठार और आस-पास के उच्च ऊँचाई वाले क्षेत्रों के लिये स्थानिक हैं।
2. प्रकृति के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ संरक्षण (IUCN) के तहत इसकी स्थिति संकटग्रस्त है।
3. हाल ही में उनकी आबादी में 25% की गिरावट आई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

81. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	देश	**मंगल मिशन**
1.	USA	होप मार्स मिशन
2.	भारत	मार्स ऑर्बिटर मिशन
3.	यूरोप	एक्सोमार्स रोवर

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

82. इंडिया प्लास्टिक पैक्ट के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) और वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) द्वारा शुरू किया गया था।
2. इससे तात्पर्य सस्ते प्लास्टिक उपयोग की वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि करना था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

83. 'स्वच्छता और पादप स्वच्छता (SPS) उपायों' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक संगरोध और जैव सुरक्षा उपाय है जो मानव, पशु या पौधों के जीवन को एडिटिव्स या विषाक्त पदार्थों से उत्पन्न जोखिमों से बचाने के लिये लागू होते हैं।
2. यह उपाय खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा शासित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

84. ग्रेट नॉट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक प्रवासी पक्षी है जिसकी सीधी गहरी-भूरी चोंच और पीले-भूरे रंग के पैर होते हैं।
2. इसकी स्थिति IUCN के अनुसार खतरे में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

85. ओलिव रिडले कछुए के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये विश्व स्तर पर सभी समुद्री कछुओं में सबसे छोटे और सबसे अधिक हैं।
2. वे अपने अद्वितीय सामूहिक घोंसले के लिये जाने जाते हैं जिसे अरीबदा कहा जाता है।
3. उन्हें IUCN रेड लिस्ट में कम चिंतनीय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

86. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वायु (प्रदूषण रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत स्थापित एक वैधानिक संगठन है।
2. इसे राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में नदियों और कुओं की स्वच्छता को बढ़ावा देने का कार्य सौंपा गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

87. वैश्विक अपतटीय पवन गठबंधन (GOWA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (IRENA) और वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद द्वारा स्थापित किया गया था।
2. भारत, ब्रिटेन और अमेरिका इसके सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

88. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दवा में रोगाणुरोधी का दुरुपयोग और कृषि में अनुचित उपयोग AMR के प्रसार का प्रमुख कारण है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, एएमआर वैश्विक स्वास्थ्य के लिये शीर्ष दस खतरों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन - सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

89. रेड क्राउन रूफ्ड टर्टल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मूल रूप से भारत, बांग्लादेश और नेपाल में पाई जाती है।
2. यह खारे जल के कछुए की प्रजाति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत ने वर्ष 2070 तक अपने उत्सर्जन को शुद्ध शून्य करने का वादा किया है।
2. भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिकतम उपयोग के साथ इथेनॉल सम्मिश्रण को वर्ष 2025 तक 20% तक पहुँचाने हेतु प्रयासरत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

91. LeadIT पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसे भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन 2019 में लॉन्च किया गया था।
2. यह गैर-सरकारी संगठनों (NGO) को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये मिलकर काम करने हेतु प्रेरित करता है।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये::

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

92. पेरिस जलवायु समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पेरिस जलवायु समझौते ने क्योटो प्रोटोकॉल का स्थान लिया है।
2. इसका उद्देश्य पूर्व-उद्योग स्तरों की तुलना में ग्लोबल वार्मिंग को 2.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित करने का प्रयास करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

93. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. किसी राष्ट्र के लिये यह आवश्यक नहीं है कि जब वह रामसर सम्मेलन की पुष्टि करता है, तो अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि की सूची में शामिल करने के लिये एक आर्द्रभूमि को नामित करे।
2. आर्द्रभूमि जल को साफ करने एवं बाढ़ के खिलाफ बफर की तरह काम करती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

94. कार्बन क्रेडिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कार्बन क्रेडिट वातावरण में ग्रीनहाउस उत्सर्जन में कमी लाने के सापेक्ष दिया जाने वाला एक क्रेडिट है।
2. कार्बन क्रेडिट "कैप-एंड-ट्रेड" मॉडल पर आधारित है।
3. एक कार्बन क्रेडिट, एक मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

95. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केरल के परंगीपेट्टई मैंग्रोव में एस्चुअरीन केकड़े की एक नई प्रजाति, जिसे 'स्यूडोहेलिस अन्नामलाई' के नाम से जाना जाता है, की खोज की गई है।
2. नई प्रजाति भारतीय उपमहाद्वीप और पश्चिमी प्रशांत महासागर में पाई जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

96. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. प्रोविज़नल स्टेट ऑफ ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट, 2022 के अनुसार, CO2 और CH4 सांद्रता बढ़ रही है जबकि NO2 सांद्रता घट रही है।
2. ग्लासगो जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में देशों ने 2030 तक वैश्विक मीथेन उत्सर्जन को 30% तक कम करने के लिये प्रतिबद्धता व्यक्त की।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

97. अमूर फाल्कन्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दुनिया का सबसे लंबा प्रवास करने वाला रैप्टर है।
2. इसका नाम अमूर नदी के नाम पर पड़ा है जो रूस और चीन के बीच सीमा बनाती है।

3. इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की रेड लिस्ट में इसको सबसे कम चिंतनीय की श्रेणी में सुचिबद्ध किया गया है।
4. यह भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची IV के तहत संरक्षित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 4
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस एक मूल्यवान परजीवी कवक है।
2. जंगली कॉर्डिसेप्स मशरूम, पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

99. "भारतीय गैंडे" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में पाई जाने वाली गैंडे की एकमात्र प्रजाति है।
2. यह गैंडे की सभी प्रजातियों में सबसे बड़ी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

100. लीथ सॉफ्टशेल टर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह खारे पानी के कछुए की प्रजाति है।
2. यह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची IV के तहत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

101. निम्नलिखित में से कौन-सा/से जैवविविधता विरासत स्थल है/हैं?

1. हेजोंग कछुआ झील
2. बोरजुली वाइल्ड राइस साइट
3. अमरकंटक

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

102. वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES) के तहत प्रजातियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अफ्रीकी हाथियों की आबादी CITES परिशिष्ट I के अंतर्गत आती है।
2. CITES के परिशिष्ट III में ऐसी प्रजातियाँ हैं जो कम-से-कम एक देश में संरक्षित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

103. वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पनामा सिटी में (CITES) के लिये पक्षकारों के सम्मेलन (CoP) की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है।
2. भारत के शीशम को कन्वेंशन के परिशिष्ट II में शामिल किया गया है।
3. CITES के प्रावधान कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. उपरोक्त सभी

104. शुद्ध शून्य उत्सर्जन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे कार्बन तटस्थता के रूप में संदर्भित किया जाता है जिसका अर्थ कार्बन और अन्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को शून्य तक ले जाना है।
2. भारत ने वर्ष 2060 तक उत्सर्जन को घटाकर शुद्ध शून्य करने का वादा किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

105. कार्बन पृथक्करण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पौधों और मृदा में कार्बन का अल्पकालिक भंडारण है।
2. यह प्राकृतिक और मानवजनित दोनों प्रक्रियाओं के माध्यम से होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

106. कभी-कभी समाचारों में देखा जाने वाला मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?

A. तमिलनाडु

B. ओडिशा

C. आंध्र प्रदेश

D. छत्तीसगढ़

107. भारतीय गैंडा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में गैंडे मुख्य रूप से असम, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं।
2. इसकी IUCN रेड लिस्ट की स्थिति सुभेद्य है।
3. वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार, यह अनुसूची 1 में सम्मिलित है।
4. यह गैंडों की प्रजाति का सबसे बड़ा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 4

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

108. "भारत में बायोस्फीयर रिज़र्व" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में सबसे बड़ा बायोस्फीयर रिज़र्व डिब्रू-सैखोवा (असम) है।
2. भारत में पहला बायोस्फीयर रिज़र्व नीलगिरि के ब्लू माउंटेन थे।
3. भारत में वर्तमान में 14 अधिसूचित बायोस्फीयर रिज़र्व हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

109. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. वन घोषणा आकलन 2022 के अनुसार, वैश्विक वनों की कटाई दर में वृद्धि हुई है।
2. वन घोषणा आकलन 2022 के अनुसार, ब्राज़ील वर्ष 2021 में वनों की कटाई में दुनिया का सबसे बड़ा योगदानकर्त्ता था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

110. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. नोट्रे डेम पर्यावरण परिवर्तन पहल जलवायु परिवर्तन अनुकूलन कार्यक्रम का हिस्सा है।
2. जलवायु जोखिम को जोखिम प्रभाव के प्रति संवेदनशीलता और अनुकूलन क्षमता के संयोजन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

111. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बायोगैस एक अक्षय ईंधन है जो जैविक फीडस्टॉक से अवायवीय पाचन प्रक्रिया का उपयोग करके उत्पादित किया जाता है।
2. यह मुख्य रूप से मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड, हाइड्रोजन सल्फाइड और नमी के एक छोटे अंश से बनी होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

112. चंदन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रकृति के संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ (IUCN) द्वारा इसे संकटापन्न सूची में शामिल किया गया है।
2. भारत विश्व में चंदन के व्यापार में सबसे ज़्यादा योगदान देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

113. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. साइलेंट वैली नेशनल पार्क नीलगिरी हिल पर नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व का मुख्य हिस्सा है।
2. नीलगिरी हिल्स, जिसका शाब्दिक अर्थ है नीले पहाड़, नीलकुरिंजी के बैंगनी-नीले फूलों से नाम मिला है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

114. "ई-अपशिष्ट" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय ई-अपशिष्ट दिवस 2022 का थीम 'रीसाइकल इट ऑल, नो मैटर हाउ स्मॉल' है।
2. अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (WEEE) फोरम ई-अपशिष्ट से संबंधित एक भारतीय गैर-लाभकारी संगठन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

115. इंडियन बाइसन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में पाए जाने वाले जंगली मवेशियों की सबसे छोटी प्रजाति है।
2. यह दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के मूल निवासी है।
3. वे हिमालय में 6,000 फीट से अधिक ऊँचाई पर पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

116. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जैव विविधता को मुख्यधारा में लाना- नीति निर्माण में इसे शामिल करके जैव विविधता संरक्षण की FAO की चिंता को संदर्भित करता है।
2. वनों के लिये संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक योजना ने वैश्विक वन लक्ष्यों और संबंधित लक्ष्यों को वर्ष 2030 तक प्राप्त करने हेतु निर्धारित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

117. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. नरम प्रवाल बहि: कंकाल बनाने के लिये समुद्री जल से कैल्शियम कार्बोनेट निकालते हैं।
2. कठोर प्रवाल खुद को अपने पूर्वजों द्वारा निर्मित पुराने कंकालों से जोड़ते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

118. पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पर्यावरण पर प्रस्तावित परियोजना के संभावित प्रभावों के अध्ययन हेतु एक प्रक्रिया है।
2. इसमें आम लोगों के भी विचार सम्मिलित किये जाते हैं।
3. यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है जो कुछ परियोजनाओं के लिये अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

119. विश्व पर्यावास दिवस (WHD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र ने 3 अक्तूबर को WHD के रूप में नामित किया है।
2. इस वर्ष के WHD का विषय है- "दूरी का ध्यान रखें, किसी को भी पीछे मत छोड़ो और पीछे मत रहो"।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

120. "मीथेन" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. मीथेन कार्बनिक पदार्थों के टूटने या क्षय से उत्पन्न होती है।
2. यह समतापमंडलीय ओज़ोन के लिये ज़िम्मेदार है।
3. यह टूटने के बाद वातावरण में लंबे समय तक नहीं रहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

121. "ग्रेट इंडियन बस्टर्ड्स" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह राजस्थान का राजकीय पक्षी है।
2. इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर रेड लिस्ट के अनुसार यह प्रजाति गंभीर रूप से लुप्तप्राय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

122. निम्नलिखित में से कौन समुद्र तट पर्यावरण और सौंदर्यशास्त्र प्रबंधन सेवाओं (BEAMS) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

1. इसका उद्देश्य तटीय जल में प्रदूषण को कम करना और समुद्र तट सुविधाओं के सतत् विकास को बढ़ावा देना है।
2. यह फाउंडेशन फॉर एन्वायरनमेंटल एजुकेशन (FEE) नामक गैर-लाभकारी संगठन द्वारा प्रदान किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

123. "स्लॉथ बियर" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे केवल भारतीय उपमहाद्वीप में पाए जाते हैं।
2. स्लॉथ बियर हाइबरनेट नहीं करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

124. कॉर्बेट नेशनल पार्क के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान है।
2. यह शिवालिक और बाहरी हिमालय भूवैज्ञानिक प्रांतों में पड़ता है।
3. सोननदी कॉर्बेट नेशनल पार्क से होकर बहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

125. हाइड्रोजन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्राउन हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिये प्राकृतिक गैस का उपयोग किया जाता है और इससे होने वाले उत्सर्जन को वातावरण में छोड़ दिया जाता है।
2. प्राकृतिक गैस का उपयोग ग्रीन हाइड्रोजन बनाने के लिये किया जाता है और कार्बन कैप्चर एवं भंडारण का उपयोग उत्सर्जन को कम करने के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

126. "सामुदायिक वन संसाधन अधिकार" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये अधिकार समुदाय को वनों के उपयोग के लिये स्वयं नियम बनाने की अनुमति देते हैं।
2. एक बार CFRR को किसी समुदाय द्वारा मान्यता प्राप्त हो जाने के बाद ग्राम सभा वनों के प्रबंधन के लिये नोडल निकाय बन जाती है।
3. मध्य प्रदेश एकमात्र राज्य है जिसने राष्ट्रीय उद्यान के अंदर CFRR अधिकारों को मान्यता दी है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

127. पर्यावरण के लिये जीवनशैली (LiFE) पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा वर्ष 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान पेश किया गया था।
2. इसका उद्देश्य 'विवेकहीन और फिज़ूलखर्ची' के बजाय पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देना है।
3. मिशन की योजना व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क बनाने और उसका पोषण करने की है, जिसका नाम 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

128. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र की अब तक की एकमात्र संधि है जिसे पृथ्वी के प्रत्येक देश द्वारा अनुसमर्थित किया गया है।
2. प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन का उद्देश्य हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFCs) की उत्पत्ति और खपत में धीरे-धीरे कमी लाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

129. ओज़ोन परत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओज़ोन का 90% प्राकृतिक रूप से थर्मोस्फीयर में होता है।
2. मिथाइल ब्रोमाइड एक ओज़ोन-क्षयकारी पदार्थ (ODS) है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

130. एशियाई कराकल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे ज़्यादातर दक्षिणी भारतीय राज्यों जैसे तमिलनाडु आदि में पाए जाते हैं।
2. वे भारत में प्रचुर मात्रा में हैं।
3. वे IUCN रेड लिस्ट की 'कम चिंताजनक' श्रेणी में हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

131. ऑपरेशन ओलिविया निम्नलिखित में से किसके संरक्षण से संबंधित है?

A. डॉल्फिन
B. मगरमच्छ
C. कछुआ
D. घड़ियाल

132. "रेड इयर्ड स्लाइडर टर्टल्स" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दक्षिण-पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका की मूल प्रजाति है।
2. वे उच्च स्तर के कार्बनिक प्रदूषको को सह सकते हैं।
3. यह प्रजाति अन्य स्थानीय कछुओं की प्रजातियों की तुलना में धीमी गति से प्रजनन करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

133. पेरिस समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्व-उद्योग स्तरों की तुलना में ग्लोबल वार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे तक सीमित करने का प्रयास करता है।
2. यह देशों द्वारा की जाने वाली तेज़ी से महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई के 5 वर्ष के चक्र पर कार्य करता है।
3. इस समझौते के लगभग सभी हस्ताक्षरकर्त्ताओं ने COP26 के दौरान अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को अद्यतन किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

134. "पार्टिकुलेट मैटर (PM)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पार्टिकुलेट मैटर को कणकीय प्रदूषण भी कहा जाता है।
2. पार्टिकुलेट मैटर केवल रसायनों की जटिल प्रतिक्रियाओं का परिणाम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

135. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. व्हेल शार्क की IUCN स्थिति लुप्तप्राय है।
2. महासागर: जीवन और आजीविका, अंतर्राष्ट्रीय व्हेल शार्क दिवस 2022 का विषय है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

136. 10 हाल ही में खबरों में रहा रानीपुर वन्यजीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?

A. मध्य प्रदेश

B. उत्तर प्रदेश

C. आंध्र प्रदेश

D. छत्तीसगढ

137. सतत् विकास लक्ष्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा सतत् विकास लक्ष्यों को अपनाया गया था।
2. इन्हें वर्ष 2050 तक हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।
3. ये सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों पर आधारित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

138. निम्नलिखित में से कौन शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का सबसे अच्छा वर्णन/परिभाषित करता है ?

A. इसका अर्थ है कि देश कार्बन तटस्थता हासिल करने में सक्षम है और किसी भी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन नहीं करता है।

B. यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें किसी देश के उत्सर्जन की भरपाई वातावरण से ग्रीनहाउस गैसों के अवशोषण और निष्कासन द्वारा की जाती है।

C. A और B दोनों

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

139. शैवाल प्रस्फुटन के संदर्भ में निम्नलिखित कत:नों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें लाल ज्वार के रूप में भी जाना जाता है।
2. यूट्रोफिकेशन (सुपोषण) शैवाल के विकास के प्रमुख कारणों में से एक है।
3. इनसे जलीय कृषि को लाभ होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

140. वन अधिकार अधिनियम (FRA), 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. FRA समुदाय को वन उपज के उपयोग के लिये नियम बनाने की अनुमति देता है।
2. ये अधिकार ग्राम सभा को वन संरक्षण की स्थानीय पारंपरिक प्रथाओं को अपनाने का अधिकार देते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

141. निम्नलिखित पर्यावरणीय कारकों पर विचार कीजिये:

1. उच्च सापेक्ष आर्द्रता
2. विशाल मेघ आवरण
3. निम्न तापमान
4. धीमी हवाएँ

बादल फटने की घटना उपर्युक्त में से किसके द्वारा प्रेरित है ?

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 2, 3, और 4

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

142. सदर्न राइस ब्लैक-स्ट्रीक्ड ड्वार्फ वायरस (SRBSDV) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह व्हाइट-बैक्ड प्लांट हॉपर (WBPH) द्वारा फैलता है।
2. यह 10 डबल-स्ट्रैंडेड राइबोन्यूक्लिक एसिड (RNA) खंडों के जीनोम वाला एक वायरस है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

143. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. IUCN द्वारा काले गैंडों की स्थिति को गंभीर रूप से लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया है।
2. काले गैंडों का अधिवास अर्द्ध-मरुस्थलीय, सवाना, वनभूमि, आर्द्रभूमि आदि क्षेत्र हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

144. 'UNFCCC' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. UNFCCC, 1992 में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में अस्तित्व में आया।
2. वैज्ञानिक और तकनीकी सलाह के लिये सहायक निकाय (SBSTA) की स्थापना UNFCCC के आधार पर की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

145. "क्रसुलेसियन एसिड मेटाबॉलिज़्म (CAM)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पौधों में CO2 निर्धारण प्रक्रिया है।
2. CAM के पौधे अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में उगते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

146. हाइड्रोजन ईंधन सेल (HFC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हाइड्रोजन को गतिज ऊर्जा में परिवर्तित करता है।
2. यह केवल जल वाष्प और गर्म वायु का उत्सर्जन करता है।
3. हाइड्रोजन ईंधन सेल वाहन को फिर से भरने में घंटों लगते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

147. एशियाई शेर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एशियाई शेर केवल गिर राष्ट्रीय उद्यान में पाया जाता है।
2. एशियाई शेर की IUCN स्थिति संवेदनशील है।
3. पर्यावास की क्षति एशियाई शेर की आबादी के लिये सबसे बड़ा खतरा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

148. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी देश की तटरेखा के 200 समुद्री मील से अधिक सीमा के बाहर जल निकायों को उच्च समुद्र क्षेत्र माना जाता है।
2. फार्मास्यूटिकल्स की खोज के लिये उच्च समुद्र क्षेत्र प्रमुख हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

149. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. ग्रीनलैंड के हिमशैल स्नेलफिश अपने रक्त में एंटीफ्रीज़ प्रोटीन के कारण आर्कटिक के ठंडे जल में जीवित रहने में सक्षम हैं।
2. स्नेलफिश सूर्य के प्रकाश की नीली तरंग दैर्ध्य को हरे, लाल या पीले प्रकाश में परिवर्तित करके अपनी चमक प्राप्त करती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

150. हाल ही में समाचारों में रहा “"बटरफ्लाई माइन" निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. रक्षा

B. तस्करी

C. अवैध रेत खनन

D. भूतल कोयला खनन

151. शेर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अफ्रीकी शेर एशियाई शेरों से अपेक्षाकृत थोड़े छोटे होते हैं।
2. एशियाई शेर एक गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजाति है।
3. गिर राष्ट्रीय उद्यान एशियाई शेरों का एकमात्र प्राकृतिक आवास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

152. प्रायद्वीपीय रॉक अगम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये एक संकटापन्न पक्षी की प्रजाति हैं।
2. ये अपने शरीर से स्वयं ऊष्मा उत्पन्न करने में सक्षम नहीं होते हैं।
3. ये मुख्य रूप से भारत के दक्षिणी भागों में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

153. जैव विविधता सम्मेलन (CBD) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के तहत काम करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

154. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रवाल भित्तियों का निर्माण प्रवालों के स्वतंत्र रूप से घूमने वाले लार्वा के समुद्र तट के पास कठोर सतहों पर जमाव से होता है।
2. समुद्री जल में बढ़ी हुई लवण की अल्प मात्रा भी कोरल पॉलीप्स के लिये हानिकारक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

155. 'आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (ASUDTAB)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के प्रावधानों के तहत सांविधिक निकाय है।
2. यह त्वरित शेल्फ-लाइफ परीक्षण (ASLT) दवाओं के नियामक मामलों में केंद्र और राज्य सरकारों को सलाह देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

156. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	सतत् विकास लक्ष्य (SDG)		विवरण
1.	सतत् विकास लक्ष्य-1	:	गरीबी की समाप्ति
2.	सतत् विकास लक्ष्य-13	:	जलवायु कार्रवाई
3.	सतत् विकास लक्ष्य-6	:	स्वच्छ जल और स्वच्छता
4.	सतत् विकास लक्ष्य-17	:	लक्ष्यों के लिये साझेदारी

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल युग्म एक
B. केवल युग्म दो
C. केवल युग्म तीन
D. उपर्युक्त सभी

157. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. 'पंचामृत' ग्लासगो में जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन (UNFCCC), CoP26 में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये भारत की पहल है।
2. वर्ष 2030 के लिये संशोधित जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों के अनुसार, भारत वर्ष 2030 में स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का कम-से-कम 50% गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्रोतों पर आधारित होगा।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

158. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. IUCN की खतरे वाली प्रजातियों की लाल सूची में बाघ को 'लुप्तप्राय' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
2. कैस्पियन बाघ, जावन बाघ और बाली बाघ, बाघों की विलुप्त उप-प्रजातियाँ हैं।
3. मानस राष्ट्रीय उद्यान भारत का सबसे बड़ा बाघ अभयारण्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

159. स्टॉकहोम अभिसमय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POPs) से बचाने के लिये एक वैश्विक संधि है।
2. इसका उद्देश्य पुराने भंडार और स्थायी जैविक प्रदूषक (POPs) युक्त उपकरणों को साफ करना है।
3. भारत स्टॉकहोम अभिसमय का अनुसमर्थन नहीं करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

160. रामसर स्थलों की संख्या के अनुसार निम्नलिखित राज्यों को उनके घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिये।

1. तमिलनाडु
2. गुजरात
3. जम्मू और कश्मीर
4. असम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 4-3-2-1

B. 1-3-2-4

C. 3-4-1-2

D. 1-3-4-2

161. पैंगोंग त्सो झील के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उत्तराखंड राज्य में स्थित है।
2. यह विश्व की सबसे ऊँची खारे पानी की झील है।
3. पैंगोंग झील का एक तिहाई भाग भारत में और शेष दो तिहाई नेपाल में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

162. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्थानीय निकायों के माध्यम से अपने राज्य में इन नियमों को लागू करेगा।
2. नगरीय ठोस अपशिष्ट (MSW) प्रसंस्करण सुविधा की स्थापना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के आधार पर की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

163. "रामसर कन्वेंशन" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वर्ष 1971 में यूनेस्को द्वारा स्थापित एक अंतर-सरकारी पर्यावरण संधि है।
2. पश्चिम बंगाल में सुंदरबन भारत का सबसे बड़ा रामसर स्थल है।
3. किसी अन्य दक्षिण एशियाई देश की तुलना में भारत में रामसर स्थलों की संख्या सर्वाधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. उपरोक्त सभी

164. 'जलवायु वित्तपोषण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने वाले शमन और अनुकूलन कार्यों का समर्थन करना चाहता है।
2. जलवायु वित्त सामान्य लेकिन विभेदित उत्तरदायित्व और संबंधित क्षमताओं का समर्थन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

165. पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसने विकास परियोजनाओं को श्रेणी A और श्रेणी B में वर्गीकृत किया है।
2. श्रेणी A की परियोजनाओं का मूल्यांकन राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) और राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (SEAC) द्वारा किया जाता है।
3. भारत में पर्यावरण प्रभाव आकलन, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम,1986 द्वारा वैधानिक रूप से समर्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

166. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जम्मू और कश्मीर सहित पूरे भारत में लागू है।
2. केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) इस अधिनियम के तहत गठित निकाय हैं।
3. राज्य सरकारें प्रत्येक ज़िले में वन्यजीव वार्डन नियुक्त करने की भी हकदार हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

167. रेड पांडा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सिक्किम का राज्य पशु है।
2. इसे IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
3. यह CITES के परिशिष्ट 1 के तहत संरक्षित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

168. नैरोबी मक्खियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये पश्चिम अफ्रीका की स्थानिक कीट की प्रजातियाँ हैं।
2. ये कीट परेशान होने पर पेडरिन नामक पदार्थ को छोड़ते हैं परंतु काटते नहीं हैं।
3. वे उच्च वर्षा वाले क्षेत्रों में पनपते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1 और 3

169. "वरोआ माइट" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक परजीवी कीट है जो मधुमक्खियों को संक्रमित करता है और खाता है।
2. वरोआ माइट केवल वयस्क मधुमक्खियों का ही भोजन कर सकते हैं और जीवित रह सकते हैं।
3. इसे वरोआ डिस्ट्रक्टर के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

170. निम्नलिखित में से कौन सा 'चेकुरिंजी' का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. यह पेरियार वन्यजीव अभयारण्य की मछली प्रजाति है।

B. यह अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व के लिये स्थानिक पौधों की प्रजाति है।

C. यह हाल ही में खोजी गई प्राचीन मानव प्रजाति है।

D. यह पूर्वी अफ्रीका के स्थानिक कीट की एक प्रजाति है।

171. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत अधिनियमित किया गया था।
2. अधिनियम के अनुसार केंद्र सरकार के पास किसी भी उद्योग, संचालन या प्रक्रिया को बंद करने, निषेध या नियमन करने का निर्देश देने की शक्ति है।
3. अधिनियम के किसी भी प्रावधान का गैर-अनुपालन या उल्लंघन एक अपराध माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. उपरोक्त सभी

172. हाल ही में वैज्ञानिकों ने गिलहरी के समान एक छोटे स्तनपायी के नए और विशिष्ट जीवाश्मों की खोज की है जिन्हें ट्रीश्रू कहा जाता है। यह खोज भारत के किस क्षेत्र में की गई है?

A. जम्मू और कश्मीर

B. सिक्किम

C. मेघालय

D. उत्तराखंड

173. आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे हेतु गठबंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था।
2. यह जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोधी मुद्दों से संबंधित भारत सरकार की पहली बड़ी वैश्विक पहल है।
3. एशियाई विकास बैंक (ADB), विश्व बैंक समूह और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) इसके सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

174. 'मोनार्क तितलियों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये आवश्यक परागणक हैं और विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएँ प्रदान करती हैं।
2. ये केवल मिल्कवीड के पौधे में प्रजनन करती हैं।
3. ये केवल भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. उपरोक्त सभी

175. हिम तेंदुआ निम्नलिखित में से कहाँ नहीं पाया जाता है?

A. गोरुमारा राष्ट्रीय उद्यान
B. हेमिस नेशनल पार्क
C. गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान
D. ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क

176. 'सेंडाई फ्रेमवर्क' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पर्यावरण, तकनीकी और जैविक खतरों तथा जोखिमों से संबंधित है।
2. वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इसका समर्थन किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

177. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रीन पिट वाइपर एक न्यूरोटॉक्सिक विषैला साँप है।
2. न्यूरोटॉक्सिक विष रक्त के थक्के बनने से रोकता है इससे आंतरिक रक्तस्राव होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

178. कोविड-19 के लिये अपशिष्ट-जल आधारित निगरानी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इससे हम नालों के अनुपचारित जल में वायरल घनत्व में अस्थायी गतिशीलता का पता लगा सकते हैं।
2. शोधकर्त्ताओं ने पाया कि अधिकांश विषाणु मल के नमूनों से आते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

179. 'वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CAQM की स्थापना वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत की गई है।
2. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 को भंग कर दिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

180. अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्वी घाट में स्थित है।
2. यह कृषिगत पौधों, विशेष रूप से इलायची, जामुन, जायफल, काली मिर्च और केले के लिये अनूठा आनुवंशिक क्षेत्र है।
3. शेंदुरने और पेप्पारा वन्यजीव अभयारण्य इसका एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

181. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) नियमों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) की अवधारणा को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत पेश किया गया था।
2. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2021 ने EPR को इसके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु कानूनी बल प्रदान किया।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

182. जैवविविधता पर कन्वेंशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह जैवविविधता के संरक्षण के लिये एक गैर-बाध्यकारी संधि है जो 1993 से लागू है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत संचालित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

183. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्रैश परीक्षणों के माध्यम से कार के सुरक्षा मानकों के परीक्षण के लिये कार्यक्रम शुरू करने वाला चीन पहला देश था।
2. भारत NCAP, क्रैश टेस्ट के प्रदर्शन पर आधारित एक नया कार सुरक्षा मूल्यांकन कार्यक्रम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

184. राजस्थान की निम्नलिखित आर्द्रभूमियों पर विचार कीजिये:

1. केवलादेव घाना
2. सांभर झील
3. आनंद सागर झील
4. राजसमंद झील

उपर्युक्त आर्द्रभूमियों में से कौन-सा/से रामसर स्थल घोषित किया/किये गया है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

185. बॉन कन्वेंशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर एक कन्वेंशन है (CMS) जो देशों की उनकी सीमा में प्रवासी प्रजातियों की सुरक्षा के लिये है।
2. इस कन्वेंशन के तहत प्रवासी प्रजातियों को उनकी भेद्यता के आधार पर तीन परिशिष्टों में व्यवस्थित किया गया है।
3. इसके कार्यान्वयन की देख-रेख इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) द्वारा की जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1

186. भारत में रामसर स्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	रामसर स्थल		**अवस्थिति**
1.	लोनार झील	-	महाराष्ट्र
2.	सुर सरोवर	-	उत्तर प्रदेश
3.	आसन	-	राजस्थान
4.	काबर ताल	-	बिहार

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. केवल तीन युग्म

D. सभी चार युग्म

187. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की स्थापना के साथ, भारत एक विशेष पर्यावरण न्यायाधिकरण स्थापित करने वाला पहला विकासशील देश बन गया।
2. NGT एक खुला न्यायालय है, और इसकी कार्यवाही में व्यक्तिगत रूप से ही भाग लिया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1और न ही 2

188. COP 26 में भारत की प्रतिबद्धता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1. वर्ष 2030 तक इसकी गैर-जीवाश्म क्षमता को 500 गीगावाट तक बढ़ाना।
2. वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करना।
3. वर्ष 2030 तक अपनी ऊर्जा ज़रूरतों का 50% नवीकरणीय स्रोतों से पूरा करना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

189. ड्रैगनफ्लाईज़ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ज़्यादा दुनिया भर में मीठे पानी के आवासों के पास पाया जाता है।
2. ड्रैगनफ्लाईज़ की अधिकांश प्रजातियाँ उष्ण कटिबंध में और विशेष रूप से वर्षा वनों में रहती हैं।
3. वे उन कीड़ों को खाते हैं जो मलेरिया और डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों के वाहक हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

190. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	युग्म 1		युग्म 2
1.	कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ (COP) 26	-	जलवायु परिवर्तन
2.	कार्टाजेना प्रोटोकॉल	-	जैव सुरक्षा
3.	नागोया प्रोटोकॉल	-	आनुवंशिक संसाधन

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

191. बायोप्लास्टिक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे पेट्रोलियम की जगह मक्का, गेहूँ या गन्ने जैसे पौधों से बनाया जाता है।
2. बायोप्लास्टिक का शुद्ध ग्रीनहाउस गैस संतुलन शून्य माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

192. बायोमास सह-फायरिंग के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने देश के हर ताप विद्युत संयंत्र पर 5-10 प्रतिशत सह-फायरिंग अनिवार्य कर दी है।
2. भारत के पास बायोमास सह-फायरिंग आवश्यकता के लिये पर्याप्त कृषि अवशेष और पैलेट विनिर्माण क्षमता है।
3. कोयले के साथ दहन के लिये केवल 14% तक नमी वाले पैलेट का उपयोग किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

193. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मारिजुआना कैनबिस के पौधे से प्राप्त मन:प्रभावी/साइकोएक्टिव औषधि है।
2. टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (THC) मारिजुआना का प्राथमिक मन:प्रभावी घटक है।
3. थाईलैंड मारिजुआना की खेती, रखने और मनोरंजक उपयोग को वैध बनाने वाला पहला एशियाई देश बन गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

194. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जिन प्रजातियों को वर्मिन के रूप में वर्गीकृत किया गया है, उन्हें वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची V में रखा गया है।
2. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 वर्मिन शब्द को परिभाषित करता है।
3. कौवे, फल खाने वाले चमगादड़ और चूहे आदि वर्मिन की श्रेणी में आते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

195. समुद्र के अंतर्राष्ट्रीय कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCLOS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है।
2. यह एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है जो समुद्री स्थानों में राज्य के अधिकार क्षेत्र के लिये एक रूपरेखा निर्धारित करता है।
3. यह सम्मानित क्षेत्रों में राज्यों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के लिये विशिष्ट मार्गदर्शन प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

196. सिरुमलाई हिल्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे केरल में स्थित हैं।
2. इसे पश्चिमी घाट का हिस्सा माना जाता है।
3. सिरुमलाई पहाड़ियों की सीमा अरब सागर के साथ साझा होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 3

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

197. विश्व पर्यावरण दिवस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिये प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।
2. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के पहले दिन 1972 में विश्व पर्यावरण दिवस की स्थापना की।
3. विश्व पर्यावरण दिवस 2021 ने पारिस्थितिकी तंत्र बहाली पर संयुक्त राष्ट्र दशक (2021-2030) की शुरुआत की।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

198. लाइफ मूवमेंट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. LiFE का विचार भारत द्वारा वर्ष 2021 में ग्लासगो में 26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP26) के दौरान प्रस्तुत किया गया था।
2. इसका उद्देश्य प्रचलित "उपयोग और निपटान" अर्थव्यवस्था को एक चक्रीय अर्थव्यवस्था द्वारा प्रतिस्थापित करना है।
3. इस मिशन की योजना व्यक्तियों के एक वैश्विक नेटवर्क बनाने और उसका पोषण करने की है, जिसका नाम 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

199. कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित है।
2. कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अंदर एक गाँव के सामुदायिक वन संसाधन (CFR) अधिकारों को मान्यता देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है।
3. इसमें मुख्य रूप से झाड़ियाँ और काँटेदार वृक्षों की प्राकृतिक वनस्पतियाँ पाई जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. उपर्युक्त सभी

200. लीडआईटी पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारत ने यूएसए के सहयोग से प्रारंभ किया था।
2. इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा निर्माण प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण को बढ़ावा देना था।
3. यह उन देशों और कंपनियों को भी संगठित करता है जो पेरिस समझौते को हासिल करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?

A. 1, 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 3

D. केवल 2

201. पेंटेड लेपर्ड गेको के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त स्थिति प्रदान की गई है।
2. पेंटेड लेपर्ड गेको पूर्वी एशिया की मूल प्रजाति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

202. "राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण" (NTCA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NTCA द्वारा "भारत में चीते की पुन: वापसी हेतु कार्ययोजना" जारी की गई थी।
2. इसके अंतर्गत अगले 5 वर्षों में नामीबिया से 50 अफ्रीकी चीतों को लाने का निर्णय लिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

203. भारत की जैव विविधता के संदर्भ में, ट्रुनकाटोफ्लैबेलम क्रैसम, टी. इन्क्रुस्टाटम, टी. एक्युलेटम, और टी.इर्रेगुलर हैं

A. पक्षी
B. प्राइमेट
C. सरीसृप
D. कोरल

204. जल जीवन मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय के नेतृत्व में शुरू किया गया था।
2. यह पूरी तरह से ग्रे वाटर मैनेजमेंट पर केंद्रित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनो
D. न तो 1 ओर न ही 2

205. फिशिंग कैट्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संरक्षित क्षेत्र नेटवर्क के बाहर फिशिंग कैट पर आयोजित विश्व की पहली जनगणना कोल्लेरू झील में की गई है।
2. वे अपना अधिकांश जीवन जल निकायों के पास घनी वनस्पतियों वाले क्षेत्रों में बिताते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

206. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आयोग किसी भी स्थिति में राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों को खारिज नहीं कर सकती है।
2. इसका अध्यक्ष पाँच साल के लिये या 65 वर्ष की आयु तक पद धारण करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

207. "संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (CoP26)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मीथेन सहित गैर-कार्बन डाइऑक्साइड ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिये ग्लासगो जलवायु समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे।
2. भारत ने वैश्विक मीथेन प्रतिबद्धता के लिये हस्ताक्षर किये हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

208. बायोमास को ऊर्जा में बदलने के लिये निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है?

1. गैसीकरण
2. पायरोलिसिस
3. दहन
4. बायोवेंटिंग
5. बायोस्पार्जिंग

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 3, 4 और 5
B. केवल 2, 3, 4 और 5
C. 1, 2, 3, 4 और 5
D. केवल 1, 2 और 3

209. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डुगोंग शाकाहारी स्तनपायी की एकमात्र मौजूदा प्रजाति है जो विशेष रूप से समुद्र पाई जाती है।
2. भारत में डगोंग केवल मन्नार की खाड़ी में पाए जाते हैं।
3. डुगोंग को आईयूसीएन रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

210. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व वन्यजीव दिवस प्रतिवर्ष 3 मार्च को मनाया जाता है।
2. 'पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली हेतु प्रमुख प्रजातियों की पुनर्बहाली' विश्व वन्यजीव दिवस 2022 की थीम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

211. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रेट बैरियर रीफ दुनिया के कोरल रीफ पारिस्थितिक तंत्र का लगभग 10% है।
2. यह समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र अरबों छोटे जीवों से मिलकर बना है, जिन्हें कोरल पॉलिप्स के रूप में जाना जाता है।
3. प्रवाल और शैवाल के बीच सहजीवी संबंध होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

212. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गंगा डॉल्फिन केवल मीठे पानी में रह सकती है और यह वास्तव में दृष्टिहीन होती है।
2. गंगा डॉल्फिन संपूर्ण नदी पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य का एक विश्वसनीय संकेतक हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

213. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दशक 2018-2028 को सतत् विकास हेतु जल पर कार्रवाई के लिये अंतर्राष्ट्रीय दशक के रूप में घोषित किया है।
2. एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा भूजल संग्रहकर्त्ता है।
3. SDG-6 सभी के लिये पानी और स्वच्छता की उपलब्धता तथा टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

214. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस के रूप में मनाया जाता है।
2. गौरैया केवल भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

215. अफ्रीका की 'बोमा तकनीक' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें फनल जैसी बाड़ के माध्यम से जानवरों का पीछा करके उन्हें एक बाड़े में में पहुँचाया जाता है।
2. इसका उपयोग हाल ही में राजस्थान के 'केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान' में किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

216. "H2Ooooh! - भारत के बच्चों के लिये वाटर वाइज़ प्रोग्राम" किसके द्वारा शुरू की गई एक पहल है:

A. UNEP
B. यूनेस्को
C. UNDP
D. नीति आयोग

217. रेगिस्तानी लोमड़ी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह भारत में लाल लोमड़ी की तीसरी उप-प्रजाति है।
2. इसकी सीमा अन्य लाल लोमड़ी उप-प्रजातियों के साथ ओवरलैप नहीं होती है।
3. इसे IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

218. 'लंदन कन्वेंशन, 1972' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
A. समुद्री प्रदूषण की रोकथाम।
B. जैव विविधता का संरक्षण।
C. CFC उत्सर्जन में कमी।
D. प्रवासी प्रजातियों का संरक्षण।

219. गिद्ध/वल्चर की निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति IUCN की रेड लिस्ट में गंभीर रूप से लुप्तप्राय नहीं है?
A. स्लेंडर-बिल्ड वल्चर
B. रेड-हेडेड वल्चर
C. मिस्र के गिद्ध
D. लॉन्ग-बिल्ड वल्चर

220. पारा/मर्करी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. इसे डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के शीर्ष दस (समूह) रसायनों में से एक माना जाता है।
2. मिनामाता रोग एक परिधीय संवेदी हानि विकार है जो मिथाइलमरकरी विषाक्तता के कारण होता है।
3. आर्टिसनल और स्मॉल-स्केल गोल्ड माइनिंग (ASGM) विश्व स्तर पर मानवजनित पारा उत्सर्जन (37.7%) का सबसे बड़ा स्रोत है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

221. हाल ही में खबरों में रही 'सिलिप्सिमोपोडी बाइडेनी' नाम की प्रजाति किससे संबंधित है?
A. ऑक्टोपस का सबसे पुराना ज्ञात संबंधी।
B. सैलामैंडर की एक नई प्रजाति।
C. दुनिया में प्राइमेट्स का सबसे छोटा समूह।
D. एंडियन बादल वनों में एक ततैया की प्रजाति।

222. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. गंगा डॉल्फ़िन को IUCN की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
2. विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभयारण्य को बिहार में स्थापित किया गया है।
3. राष्ट्रीय गंगा नदी डॉल्फिन दिवस हर वर्ष 5 अक्तूबर को मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

223. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	हाइड्रोजन के प्रकार	**विकसित**
1.	ब्राउन हाइड्रोजन	कोयले द्वारा उत्पादित होता है जहाँ उत्सर्जन को वायुमंडल में निष्कासित किया जाता है।
2.	ग्रे हाइड्रोजन	प्राकृतिक गैस से उत्पन्न होती है, जहाँ कार्बन कैप्चर और स्टोरेज का उपयोग करके उत्सर्जन को कैप्चर किया जाता है।
3.	ग्रीन हाइड्रोजन	अक्षय ऊर्जा का उपयोग करके पानी में इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा उत्पादन किया जाता है
4.	नीला हाइड्रोजन	प्राकृतिक गैस से उत्पादित जिसका उत्सर्जन हवा में होता है

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?
A. केवल 1, 3 और 4
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 4

224. लेड/सीसा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. मानव शरीर में इसका वितरण मस्तिष्क, यकृत और गुर्दे में पाया जाता है।
2. वर्ष 2019 तक सीसा के संपर्क में आने से होने वाली मौतों/बीमारियों का सबसे अधिक बोझ विकसित, औद्योगिक देशों में था।
3. लीड एक्सपोज़र एनीमिया, उच्च रक्तचाप और गुर्दे की हानि जैसी स्थितियों से जुड़ा हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

225. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टिक्स हानिकारक हैं क्योंकि रक्त चूसने वाले ये परजीवी डेयरी पशुओं की उत्पादकता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं।
2. नीम और नगोड़ जैसे हर्बल अवयवों से युक्त फॉर्मूलेशन का उपयोग डेयरी पशुओं के बीच टिक के संक्रमण को रोकने हेतु किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

226. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. माइक्रोप्लास्टिक ऐसे प्लास्टिक होते हैं जिनका व्यास पाँच सेंटीमीटर से कम होता है।
2. प्राथमिक माइक्रोप्लास्टिक, पानी की बोतलों जैसे- बड़े प्लास्टिक के टूटने से बनते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

227. 'इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इंफॉर्मेशन सर्विसेज़' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के अधीन है।
2. यह हैदराबाद में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

228. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	पहल	**लक्ष्य**
1.	दिल्ली घोषणा 2019	भूमि पर बेहतर पहुँच और प्रबंधन।
2.	बॉन चैलेंज	भूमि क्षरण के खिलाफ लड़ने और देशी पौधों के जीवन को परिदृश्य में पुनर्जीवित करने का प्रयास।
3.	ग्रेट ग्रीन वॉल	इसके तहत वर्ष 2020 तक विश्व के 150 मिलियन हेक्टेयर गैर-वनीकृत एवं बंजर भूमि पर वनस्पतियाँ उगाई जाएंगी।

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

229. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रासायनिक हथियार अभिसमय (CWC) सदस्यों के लिये 'दंगा नियंत्रण एजेंटों' की घोषणा करना अनिवार्य बनाता है।
2. भारत रासायनिक हथियार संधि का हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

230. ओसांक बिंदु तापमान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस तापमान के ऊपर हवा में नमी बनी रहती है।
2. यदि ओसांक बिंदु तापमान शुष्क वायु के तापमान के करीब है तो सापेक्षिक आर्द्रता कम होती है।
3. यह हमेशा 'ड्राई-बल्ब' तापमान से कम होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

231. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान का आकलन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था है।
2. इसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) और संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क द्वारा स्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

232. 'गैनोडर्मा ल्यूसिडम' का उपयोग सदियों से मधुमेह, कैंसर, सूजन, अल्सर के साथ-साथ बैक्टीरिया और त्वचा के संक्रमण जैसी बीमारियों को ठीक करने के लिये किया जाता रहा है। यह एक प्रकार का है-

A. मशरूम
B. जड़ी बूटी
C. समुद्री शैवाल
D. अल्पाइन कवक

233. 'पामकिंग' हाल ही में चर्चा में रही है. यह है:

A. तमिलनाडु में पहली बार दिखी गई एक तितली।
B. केरल की साइलेंट वैली में मिली बंदर की एक प्रजाति।
C. मन्नार की खाड़ी में खोजी गई एक प्रकार की मछली।
D. मालाबार के पश्चिमी किनारे पर एक प्रकार की प्रवाल भित्तियाँ।

234. नाइट्रोजन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नाइट्रीकरण नाइट्रेट का नाइट्रोजन गैस में रूपांतरण की एक प्रक्रिया है।
2. विनाइट्रीकरण वह प्रक्रिया है जो नाइट्रोजन गैस को अमोनिया में बदल देती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

235. केप टाउन कन्वेंशन एंड प्रोटोकॉल, 2001 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. जैव विविधता
B. विमानन
C. परमाणु हथियार
D. ओज़ोन परत

236. सीवीड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे समुद्री पारिस्थितिक तंत्र के आदिम, समुद्री फूल वाले पौधे हैं।
2. वे केवल उथले जल और बैकवाटर में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

237. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम (WPA), 1972 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह किसी भी जंगली जानवर के शिकार पर रोक लगाता है।
2. यह कुछ पौधों को उखाड़ने, क्षतिग्रस्त करने, संग्रह करने, रखने या बेचने पर भी रोक लगाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

238. वैक्विटा पॉरपॉइज़ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वैक्विटा पॉरपॉइज़ विश्व का सबसे छोटा सिटासियन है।
2. यह केवल मेक्सिको में कैलिफ़ोर्निया की उत्तरी खाड़ी (कॉर्टेज़ सागर) में पाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

239. स्लॉथ बियर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में संरक्षित हैं।
2. ये भारत में पाए जाते हैं एवं इनमें हाइबरनेट (शीतनिद्रा) की स्थिति नहीं पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

240. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाथी जनगणना (2017) के अनुसार, हाथियों की संख्या के मामले में कर्नाटक, असम और केरल भारत के शीर्ष तीन राज्य हैं।
2. एशियाई हाथी और अफ्रीकी बुश हाथी को IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

241. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

2. वर्ष 2008 में गंगा को भारत की 'राष्ट्रीय नदी' घोषित किया गया था।
3. गंगा कार्य योजना पहली नदी कार्य योजना थी जिसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिये लाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

242. रॉटरडैम कन्वेंशन 1998 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये?

1. इसका लक्ष्य खतरनाक रसायनों और कीटनाशकों के व्यापार में शामिल देशों के बीच सहयोग और उत्तरदायित्व साझा करने के उपायों को बढ़ावा देना है।
2. पूर्व सूचित सहमति इस कन्वेंशन की मुख्य विशेषता है और पक्षकारो के लिये कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है।
3. भारत रॉटरडैम कन्वेंशन का सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 3
B. केवल 1
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

243. आपदा अनुकूल अवसंरचना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (CDRI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के प्रधानमंत्री ने COP-26 में अपने भाषण के दौरान CDRI का शुभारंभ किया।
2. इसका उद्देश्य सतत् विकास के समर्थन में जलवायु और आपदा जोखिमों के लिये नई व मौजूदा बुनियादी ढाँचा प्रणालियों के लचीलेपन को बढ़ावा देना है।
3. CDRI का सचिवालय न्यूयॉर्क में स्थित है।

नीचे दिये गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

244. स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स फॉरेस्ट्स 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जारी किया गया था।
2. इस रिपोर्ट का प्रकाशन द्वि-वार्षिक तौर पर किया जाता है तथा इसे व्यापक रूप से वन पारिस्थितिकी तंत्र पर महत्त्वपूर्ण डेटा या स्टॉक में से एक के रूप में माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2